भर्ती हेतु सूचना
परामर्शदाता–जन स्वास्थ्य (राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय) (एनसीडी) (8 पद)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, पूर्णतः संविदा आधार परउपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

कार्य एवं दायित्वः

1. प्रमुख हितधारकों की मैपिंग सहित परिस्थिति विश्लेषण करने के लिए एनपीसीडीसीएस कार्यक्रम टीम के साथ गहन समन्वय में कार्य करना और कार्यक्रम की जरूरतों को समझना।
2. निगरानी और मूल्यांकन के लिए परामर्शदाता के साथ समन्वय कर, सेवाओं, मानव संसाधन प्रबंध, ढांचागत सुविधाओं, उपकरण, औषधियों और क्षमता विकास के संदर्भ में कार्यक्रम के कार्यान्वयन की समीक्षाके लिए साधन विकसित करना।
3. उपकरण, औषधियों की कुशल खरीद, मानव संसाधन प्रबंध और धन के इष्टतम उपयोग पर विशेष ध्यान देते हुए एनपीसीडीसीएस के कार्यान्वयन की समीक्षा में राज्यों को सहयोग करना।
4. सेवाओं तक पहुंच, उनकी उपलब्धता, प्रशिक्षण और देखभाल की गुणवत्ता के संदर्भ में जिला स्तर पर कार्यान्वयन की समीक्षा में सहयोग करना।
5. राज्यों में कार्यक्रम के विस्तार के लिए असंचारी रोगों (एनसीडी) के लिए पीआईपी तैयार करने में राज्यों को सहयोग करना।
6. असंचारी रोगों (एनसीडी) की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तर कीबहु–क्षेत्रीय कार्य योजना के कार्यान्वयन में सहयोग प्रदान करना।
7. एनसीडी और उसके जोखिम कारकों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राज्य स्तर के विभिन्न क्षेत्रों में एनसीडी से संबंधित किफायती उपाय शुरू करने और उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए तकनीकी सहयोग प्रदान करना करना।
8. कार्यक्रम के कार्यान्वयन में चुनौतियों के निर्धारण और समाधान उपलब्ध कराने में राज्य टीमों के साथ गहन विचार–विमर्श करना।
9. आबंटित क्षेत्र के भीतर अतिरिक्त तकनीकी भूमिकाएं (प्रकाशन, अध्ययन, प्रशिक्षण और जानकारी प्रबंध)
10. समय–समय पर सौंपे जाने वाले कोई अन्य कार्य करना।

अनिवार्य योग्यता एवं अनुभवः

- एमबीबीएस के साथ सामुदायिक चिकित्सा/सामुदायिक स्वास्थ्य प्रशासन/जन स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर उपाधि या स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने के उपरांत न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव।

अथवा

- एमबीबीएस के साथजन स्वास्थ्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर 5 वर्षों का अनुभव

आयु सीमाः 40 वर्ष तक। सेवानिवृत्त सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के अधिकारी 62 वर्ष की आयु तक आवेदन करने के पात्र हैं।
पारिश्रमिकः 60,000–80,000/– रु. प्रतिमाह (समेकित)।
रिपोर्टिंग अधिकारीः निदेशक (एनसीडी), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय।
कार्य स्थलः नई दिल्ली।

नोटः

(i) आवेदनकर्ता को डेटा संकलन, बुनियादी विश्लेषण, इंटरनेट के उपयोग और प्रस्तुति के लिए वर्ड्स प्रोसेसिंग वर्कशीट में कंप्यूटर के उपयोग की जानकारी होनी चाहिए।
(ii) आवेदनकर्ता को निगरानी एवं पर्यवेक्षण करने के लिए बड़े पैमाने पर दौरे करने में सक्षम होना चाहिए।
(iii) आयु सीमाः आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को।
(iv) कार्यकालः 31 मार्च, 2017 तक।
(v) पारिश्रमिक, योग्यता एवं अनुभव के आधार पर दी गई सीमा में नियत किया जाएगा।

नोटः कार्यकाल, वरीयता और परस्पर सहमत नियम एवं शर्तों के अनुसार नियमानुसार एवं स्कीम के दिशानिर्देशों के अनुसार बढ़ाया जा सकता है।

आवेदन, ई–मेल द्वारा ncd.nhsrc@gmail.com पर अथवा डाक द्वारा/दस्ती रूप से मानव संसाधन प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचएफडब्ल्यू परिसर, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली–110067 को **दिनांक 21 फरवरी, 2016 को अपराह्न 4 बजे तक** पहुंच जाने चाहिए। **कृपया डाक द्वारा भेजे गए आवेदनों के मामले में लिफाफे पर तथा ई–मेल से किए जाने वाले आवेदनों के मामले में विषय–लाइन पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख अवश्य करें, अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**